डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

सोमवार

11 दिसंबर 2023




लुटेरों की पहचान को बिहटा से पटना तक के फुटेज को खंगाल रही पुलिस 2



### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की हुई बैठक

# पूरे देश में जातीय आधारित गणना के साथ बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की पहल करे केंद्र सरकार : नीतीश कुमार




**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठक हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बैठक की मेजबानी की। करीब 3 तीन घंटे तक चली इस बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मंत्री और वरीय अधिकारी बैठक में शामिल हुए। आज की बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। देशभर में जातिगत आधारित गणना कराने को लेकर प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि इसे नौंवी सूची में डाला जाए। मुख्यमंत्री ने अमित शाह से आग्रह किया कि जो भी निर्णय होंगे वह चारों राज्यों के विकास में सहायक होंगे। साथ हीं सीएम नीतीश ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी देशभर में जातीय आधारित गणना कराने एवं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में जरूर पहल करेंगे।

वहीं बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक पटना में हुई। इस बैठक में शामिल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का अभिनंदन किया गया। उन्होंने इस बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शामिल तीनों राज्यों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। सीएम नीतीश ने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि पहले बंगाल, उड़ीसा, बिहार एवं झारखण्ड एक ही राज्य था। वर्ष 1912 में बंगाल से अलग होकर 'बिहार एवं उड़ीसा' राज्य अस्तित्व में आये।

**चारों राज्यों की स्थिति लगभग एक जैसी है :** वर्ष 1936 में बिहार से उड़ीसा अलग हो गया था और 23 वर्ष पूर्व वर्ष 2000 में बिहार से झारखण्ड अलग हो गया इसलिए इन चारों राज्यों की स्थिति लगभग एक जैसी है। जब से हम सरकार में हैं, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की बैठकों में हमेशा जाते ही रहे हैं। हम 28 फरवरी, 2020 में उड़ीसा में आयोजित बैठक में भाग लिये थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की बैठक में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के बीच कई मुद्दों पर बात होनी है। हम चाहते थे कि केन्द्र सरकार जातीय आधार पर जनगणना कराये। इसके लिए हमलोग शुरू से ही प्रयासरत थे। इसके लिए वर्ष 2019 एवं 2020 में बिहार विधानमंडल में सर्वसम्मति से जाति आधारित जनगणना के लिए प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा। फिर हम सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री जी से मिले। केन्द्र सरकार द्वारा इस पर कोई विचार नहीं किया गया।

**बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है :** राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना करा ली है और इसके आंकड़ों को जारी किया गया, जिसके अनुसार बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। जिसमें 53 लाख 72 हजार 22 लोग बिहार के बाहर रह रहे हैं। 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार राज्य में रह रहे हैं। जाति आधारित गणना में पिछड़ा वर्ग -27.12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा-36.01 प्रतिशत, अनुसूचित जाति-19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति -1.68 प्रतिशत, सामान्य वर्ग -15.52 प्रतिशत की आबादी पायी गयी है।

**राज्य में आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके लिए कानून पारित हो गया है। सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए पूर्व से ही 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध है। सभी को मिलाकर कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया है। हमारी सरकार ने केन्द्र सरकार से आरक्षण के नये कानून को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालने के लिए अनुरोध किया है। आशा है केन्द्र सरकार इसे शीघ्र ही संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करेगी। जाति आधारित गणना में लोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी ली गयी है। सभी जातियों में गरीब परिवार मिले हैं, जिनमें 25.09 प्रतिशत सामान्य वर्ग के, 33.16 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग के, 33.58 प्रतिशत अति पिछड़ा वर्ग के, 42.93 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 42.70 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग गरीब हैं। सभी वर्गों में गरीब परिवारों की कुल संख्या 94 लाख है।

**रोजगार हेतु 2 लाख रुपए तक की सहायता की योजना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने के लिए इसके एक सदस्य को रोजगार हेतु 2 लाख रुपए तक की सहायता की योजना बनायी गयी है। जिन परिवारों के पास आवास/ घर नहीं है उन्हें जमीन खरीदने की राशि को 60 हजार से 1 लाख रुपये कर दिया है। मकान बनाने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए दिये जायेंगे। वर्ष 2018 से ₹सतत जीविकोपार्जन योजना₹ के तहत अत्यंत निर्धन परिवार को रोजगार हेतु दी जा रही है। 1 लाख रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। इन सब कार्यों में कुल मिलाकर 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपए लगेंगे, जिसे अगले 5 सालों में पूरा कर लिया जायेगा। यदि केन्द्र सरकार द्वारा बिहार को' 'विशेष राज्य का दर्जा₹ मिल जाय तो हम इस काम को बहुत कम समय में ही पूरा कर लेंगे। हम वर्ष 2010 से ही बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा की माँग कर रहे हैं। बिहार बहुत ही ऐतिहासिक राज्य है, लगातार विकास के बाद भी बिहार विकास के मापदंडों में राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे है। बिहार, विशेष राज्य के दर्जे की सभी शर्तों को पूरा करता है।

**गरीबी एवं पिछड़ेपन के आंकड़े भी इसका समर्थन करते हैं :** अब तो जाति आधारित गणना में गरीबी एवं पिछड़ेपन के आंकड़े भी इसका समर्थन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक में पधारने के लिए आप सभी को हम धन्यवाद देते हैं। आशा करते हैं कि बैठक के दौरान जो निर्णय होंगे वे चारों राज्यों के विकास में सहायक होंगे। हमें पूरी उम्मीद है कि गृह मंत्री जी देश भर में जातीय आधारित जनगणना कराने एवं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में पहल जरूर करेंगे। बैठक में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी और जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, पश्चिम बंगाल की मंत्री चन्द्रमा भट्टाचार्य, उड़ीसा के मंत्री प्रदीप कुमार आम्त, उड़ीसा के मंत्री तुषार कान्ति बेहरा, झारखण्ड के मंत्री रामेश्वर उरांव, झारखण्ड के मंत्री चम्पई सोरेन, केन्द्र सरकार के सचिवगण, चारों राज्यों के मुख्य सचिव, बिहार के पुलिस महानिदेशक, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद् की सचिव तथा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों के वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## हर घर तक जाकर तस्वीरें दिखायेंगे, इतिहास में इतने रुपए कभी बरामद नहीं हुए : अमित शाह

**पटना।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के नोटों के पहाड़ की बरामदगी ने बीजेपी को 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा मुद्दा दे दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा-आजादी के बाद किसी सांसद के घर से इतना रूपया कभी बरामद नहीं हुआ था। यही कांग्रेस और इंडी गठबंधन की पार्टियों की हकीकत है। भ्रष्टाचार छिपाने के लिए ये पार्टियां केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाती थी। अब बीजेपी के कार्यकर्ता हर घर में जायेंगे और तस्वीरें दिखा कर लोगों को बतायेंगे कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन की क्या हकीकत है। पूर्वी क्षेत्रीय बैठक में शामिल होने पटना पहुंचे अमित शाह ने मीडिया से बात करते हुए कहा-आजादी के बाद किसी भी दल के सांसद के घर से इतनी बड़ी मात्रा में कैश नहीं पकड़ी गयी होगी। सैकड़ों करोडों रुपए का कैश सांसद के घर से मिलता है और पूरा इंडी गठबंधन चुप है। कांग्रेस की चुप्पी तो समझ में आती है क्योंकि उसकी फितरत ही भ्रष्टाचार की है। लेकिन जेडीयू, आरजेडी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, सपा जैसे सारे दल चुप बैठे हैं। कोई रिएक्शन नहीं। अब मुझे पता चला कि मोदी जी के खिलाफ जो प्रचार अभियान चलाया गया कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग किया जा रहा है, वह प्रचार अभियान क्यों चलाया गया। क्योंकि इनके मन में डर था कि हमारे सारे कच्चे चिट्ठे खुल जायेंगे और मैं मानता हूं केंद्रीय एजेंसियों ने सही कार्रवाई की है। झारखंड जैसे गरीब राज्य में जितना कैश पकड़ा गया है, वह आंख खोलने वाला है।

**बीजेपी बनायेगी बड़ा चुनावी मुद्दा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जो लोग राजनीतिक प्रोपगेंडा कर रहे थे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग हो रहा है, उन्हें अपने ही कुर्ते से जवाब मिल गया है। इतना भारी करप्शन के बाद भी एजेंसी काम नहीं करे तो एजेंसी की क्षमता पर सवाल उठेंगे। मैं मांग करता हूं कि राहुल गांधी से लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं को इसका जवाब देना चाहिये कि इतना पैसा कहां से आ?ा। भारतीय जनता पार्टी इस मसले को बहुत नीचे तक, जन-जन तक ले जायेगी और उन्हें जागरूक करने की कोशिश करेगी। 2014 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत सारे कदम उठाये हैं। हम लोगों तक जाकर इन तमाम चीजों की जानकारी देंगे और उन्हें जागरूक करेंगे।

## बिहार में नीतीश जी की कोई सुनता नहीं : चिराग

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव में बीजेपी को चुनौती देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। चुनाव से पहले नीतीश कुमार आगमी 24 दिसंबर को वाराणसी में अपनी पहली जनसभा करेंगे। यूपी में नीतीश की चुनावी रैली की खबर से बिहार की सियासत तेज हो गई है। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इसको लेकर मुख्यमंत्री पर तंज किया है और कहा है कि बिहार में तो उनकी बात कोई सुनता नहीं है, अब बनारस में रैली कर के क्या कर लेंगे।

रविवार को पटना पहुंचे चिराग पासवान ने यूपी से नीतीश के चुनावी प्रचार की शुरूआत करने के सवाल पर चिराग ने जोरदार हमला बोला। चिराग ने कहा कि नीतीश कुमार की बिहार में तो कोई सुनता नहीं है, अब वे रैली करने बनारस जा रहे हैं। जिस मुख्यमंत्री को बिहार की जनता ने रिजेक्ट कर दिया हो वो सोचते हैं कि दूसरे राज्य की जनता उनको सुनना चाहेगी। मुख्यमंत्री बताएं कि वे बनारस क्या लेकर लोगों के बीच जाएंगे। बिहार और वाराणसी में काफी कम दूरी है। बनारस के लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री ने क्या काम किया है।

**बिहार का कौन सा मॉडल लेकर जाएंगे सीएम :** उन्होंने कहा कि वे बनारस को जाकर देख लें सिर्फ इसलिए नहीं कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है बल्कि जिस तरीके से उस क्षेत्र का विकास हुआ है। काशी विश्वनाथ मंदिर का जिस तरीके से विकास हुआ है क्या बिहार में उस तरह से किसी भी मंदिर का विकास हो सका है? नीतीश कुमार बनारस जाएंगे तो बिहार का कौन सा मॉडल लेकर जाएंगे, इसे वे बताएं। क्या बनारस के लोगों को ये बताएंगे कि वे उसी प्रदेश से आए हैं जहां आए दिन हत्याएं होती रहती हैं या ये बताएंगे कि बिहार के लोग शिक्षा और रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में जाने को विवश हैं।

## हुआ फैसला : विष्णुदेव साय होंगे छत्तीसगढ़ के नए सीएम



**रायपुर।** बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में सीएम पद पर नाम का ऐलान कर दिया है। विष्णुदेव साय को प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। बड़ा दांव खेलते हुए बीजेपी ने आदिवासी नेता को सूबे का चेहरा बनाया है। बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व ने विष्णुदेव साय का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया है। इस तरह तमाम अटकलों पर विराम लग गया है। विधायक दल की बैठक में लिए गए इस फैसले में केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल और अर्जुन मुंडा और दुष्यंत कुमार गौतम के अलावा छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रभारी ओम माथुर भी मौजूद रहे। सुबह करीब नौ बजे केंद्रीय पर्यवेक्षक रायपुर पहुंचे। दोपहर बारह बजे से विधायकों के साथ सीएम के नाम पर मंथन चला। सीएम पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद विष्णुदेव साय की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री सरकार के जरिए बीजेपी के संकल्प पत्र (मोदी की गारंटी) को पूरा करने की कोशिश करूंगा। सरकार द्वारा किया जाने वाला पहला काम आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों की मंजूरी होगा। कहा जा रहा है कि विधायक दल की बैठक में सीएम का नाम तय होने के बाद दिल्ली से मुहर लगी। जैसा कि अटकलें लगाई जा रही थीं कि बीजेपी किसी आदिवासी नेता को सूबे का सीएम बनाएगी।

### महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह सामरोह के समापन अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

## शिक्षित होने के साथ ज्ञानवान होना महत्वपूर्ण : सीएम योगी

**केटी न्यूज/गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षा प्राप्त करना केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। पुस्तकीय ज्ञान से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त की जा सकती है। पर, जीवन में विजेता बनने के लिए शिक्षित होने के साथ ज्ञानवान होना महत्वपूर्ण है। ज्ञान, शिक्षण संस्थानों में संवाद के वातावरण और अनुभव से अर्जित होता है। सीएम योगी रविवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सफलता हासिल करने के लिए परिश्रम और पुरुषार्थ का कोई विकल्प नहीं होता है। उद्देश्य के अनुरूप प्रतिबद्ध होकर समय सीमा में कार्य करते हुए आगे बढ़ने पर लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की रचना, वसुधा का नेता कौन हुआ, भूखण्ड-विजेता कौन हुआ, अतुलित यश क्रेता कौन हुआ, नव-धर्म प्रणेता कौन हुआ, जिसने न कभी आराम किया, विघ्नों में रहकर नाम किया का उद्धरण देकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखते हुए परिश्रम करेंगे तो सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

**जीवन में कृतज्ञता का भाव सदैव बने रहना चाहिए :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1932 में जब युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की तब उनका संकल्प था कि देश को गुलामी से मुक्ति मिलने के बाद कैसे नागरिक मिलने चाहिए। उसी सं?कल्प पर चलते हुए आज यह परिषद चार दर्जन संस्थाओं के माध्यम से निरंतर शिक्षा और सेवा के प्रकल्पों को आगे बढ़ा रही है। सीएम योगी ने कहा कि जीवन में कृतज्ञता का भाव सदैव बने रहना चाहिए। कृतज्ञता का भाव सकरात्मकता से आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। इसको और स्पष्ट करने के लिए उन्होंने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के अपने गुरु के प्रति प्रकट किए गए भाव के क्रियात्मक पक्ष का स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ जी के गुरु को अंग्रेज सरकार ने आजादी के आंदोलन में भाग लेने के कारण शिक्षक की नौकरी से निकाल दिया। तब गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने लिए महंत दिग्विजयनाथ जी ने एक स्कूल खोला और गुरु को प्रधानाचार्य बना दिया। यही स्कूल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की आधारशिला बना।


R. K. INDUSTRIES OF INDIA

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines
Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team
R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

# लुटेरों की पहचान को बिहटा से पटना तक के फुटेज को खंगाल रही पुलिस

- फोरलेन सहित हर सड़क और गली में लगे सीसीटीवी कैमरे की हो रही जांच
- लुटेरों के साथ लाइनर की भी पुलिस कर रही तलाश, अब तक सुराग नहीं



**केटी न्यूज/आरा**

शहर के कतीरा स्थित एक्सिस बैंक डकैती कांड में शामिल अपराधियों तक पहुंचने के लिए पुलिस बिहटा से पटना तक के फुटेज खंगाल रही है। उसे लेकर पुलिस की एक टीम फोरलेन सहित बिहटा से पटना के तक के हर सड़क और गली में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच कर रही है। मोबाइल टावर लोकेशन और सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। उसमें पुलिस की विशेष टीम लगी है। डीआईयू की टीम भी जांच में जुटी है।

वहीं भोजपुर एसपी के निर्देशन में पुलिस की अलग-अलग टीम भी लगी है। एसटीएफ की टीम भी अन्य जगहों पर छापेमारी में जुटी है। हालांकि अबतक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बताया जा रहा है कि डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे फोरलेन के रास्ते भागे थे। लेकिन बिहटा के बाद लुटेरों का लोकेशन नहीं मिल रहा है। ऐसे में पुलिस अंदेशा है कि बिहटा के बाद लुटेरे रास्ता बदल कर भागने में सफल रहे हैं। इधर, सूत्रों के अनुसार लुटेरों द्वारा मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। ऐसे में पुलिस को अब तक लुटेरों का क्लू नहीं मिल पाया है। पांच दिन बाद भी पुलिस का हाथ खाली है। बता दें कि बुधवार की सुबह सवा दस बजे नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा रोड स्थित एक्सिस बैंक में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। हथियार के बल पर बैंक कर्मियों को बंधक बना अपराधियों द्वारा 16 लाख 97 हजार रुपए लूट लिया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे बैंक के गेट में बाहर से ताला जड़ भाग निकले थे। उसके बाद से ही पुलिस टीम गठित कर छापेमारी में जुटी है। इधर, शनिवार को एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से लुटेरों की पहचान और सुराग देने वालों को 50 हजार का इनाम देने की घोषणा भी की गयी है।

## खबरें फटाफट

### शराब सेवन करते सात गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** शादी में शामिल होने आए सात युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। यह घटना शनिवार की रात्रि नौ बजे की है। गिरफ्तार लोगों की पहचान पटना जिला के इमामगंज निवासी अभिषेक कुमार, दिल्ली अशोक नगर निवासी अमन कुमार, समस्तीपुर जिला के बारेज निवासी दीपक कुमार, औरंगाबाद में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मा भगवान गांव निवासी सोनू कुमार, पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पचमो निवासी रंजीत कुमार एवं बरवाडीह निवासी शिवकुमार के रूप में हुई है। कुटुंबा थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि उक्त सभी युवक शादी में शामिल होने सिकरिया गांव आए हुए थें। ये लोग सिकरिया नहर पुल के पास बैठकर शराब पी रहे थे। तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** सब्जी बेचने का स्वांग रचकर शराब ले जाते हुए धंधेबाज को अंबा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह घटना रविवार की दोपहर ग्यारह बजे की है। धंधेबाज की पहचान तेलहारा गांव निवासी अक्षय कुमार के रूप में हुई है। पीएसआई आकाश कुमार ने बताया कि धंधेबाज साइकिल पर कैरेट के अंदर शराब छुपा कर ढूंढा पक्की सड़क के रास्ते जा रहा था। शराब को छुपाने के लिए उसने कैरेट के ऊपर सब्जी रख लिया था। संदेह के आधार पर जांच करने पर कैरेट के अंदर से 25 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुआ।

### आपसी विवाद में तीन की पिटाई

**आरा।** शाहपुर थाना क्षेत्र के दूधघाट गांव में रविवार की सुबह गाली-गलौज करने के विवाद में दंपती समय तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। उसमें सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में दूधघाट गांव निवासी 48 वर्षीय विजय यादव, उनकी 28 वषीर्या पत्नी पूजा देवी और 12 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी शामिल है। पूजा देवी ने बताया कि शनिवार की शाम उसका देवर बिना वजह गाली-गलौज कर रहा था। उसे लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी।हालांकि शनिवार की देर शाम बात खत्म हो गई थी। रविवार की सुबह वह फिर से गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसके देवर ने डंडे से उसके पति विजय यादव की पिटाई कर दी।

## टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ले स्थित पानी टंकी के पास रविवार शाम की वारदात

# दुस्साहस: प्रेम प्रसंग में युवक को मारी तीन गोली, गंभीर हालत में पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित टाउन थाना क्षेत्र के बिंद टोली मोहल्ले में रविवार की शाम अपराधियों द्वारा एक युवक को गोली मार दी गयी। युवक को काफी नजदीक से चार गोलियां मारी गयी है। उसमें उसे दाहिने साइड सीने, बायें हाथ, दाहिने साइड जांघ और दाहिने साइड पेट के निचले हिस्से में गोली लगी है। उनमें तीन गोली आरपार हो चुकी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। हालांकि उसके परिजन उसका इलाज शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में करा रहे हैं। जख्मी युवक बिंद टोली निवासी भारत भूषण विश्वकर्मा का 21 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार विश्वकर्मा उर्फ यश है। इधर, सरेशाम ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। उस क्रम में वह सदर अस्पताल भी पहुंचे और



- युवक का मोहल्ले के दो-तीन लड़कों पर गोली मारने का आरोप, धरपकड़ में जुटी पुलिस

जख्मी युवक और उसके परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस की शुरूआती जांच में प्रेम विवाह के विवाद में युवक को गोली मारे जाने की बात सामने आयी है।

जख्मी हिमांशु कुमार विश्वकर्मा उर्फ यश ने बताया कि मोहल्ले के ही विशाल नामक युवक से कुछ महीनों से घरेलू विवाद चल रहा है। शनिवार की शाम वह बिंद टोली स्थित पानी टंकी के समीप खड़ा था। तभी विशाल अपने दो साथियों के साथ आ धमका और उसे ताबड़तोड़ चार गोलियां मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसने मोहल्ले के ही विशाल और मुकेश के कहने पर पर कुंदन द्वारा गोली मारने का आरोप लगाया है। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलने के दस मिनट के अंदर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। मामले की छानबीन की जा रही है। प्रारंभिक जांच में घायल के घरवालों की ओर से तीन-चार व्यक्तियों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। युवक के परिजन घटना का कारण घर की एक लड़की से प्रेम विवाह को लेकर उपजा विवाद बता रहे हैं। अभियुक्तों की पहचान कर ली गयी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापामारी की जा रही है। जल्द ही अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उसके बाद ही घटना के मूल कारणों का पता चल सकेगा।

### शराब और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने हथियार के साथ शराब की तस्करी करने में दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। दोनों को थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया है। उनमें शशि कांत कुमार और हेमंत कुमार शामिल हैं। दोनों इब्राहिम नगर के ही रहने वाले हैं। उनके पास से एक देसी रिवाल्वर, 12 गोली, एक हॉलीस्टर और 40 लीटर देशी शराब बरामद की गयी है। इस मामले में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और उत्पाद अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर हथियार और गोली के बारे में जानकारी ले रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि हथियार कहां से और किस उद्देश्य से मंगायी गयी है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली कि इब्राहिम नगर में कुछ लोग हथियार के साथ शराब की खरीद बिक्री कर रहे हैं। उस आधार पर नगर थाने के एएसआई मुख्तार रहमान के नेतृत्व में छापेमारी कर पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से देसी रिवाल्वर, 12 गोली, हॉलीस्टर और 40 लीटर शराब बरामद की गयी। इधर, दारोगा सुभाष तिवारी ने धोखाधड़ी के मामले में मुंगेर जिले के पुरुषोत्तम निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। नगर थाने के ही एएसआई विपिन कुमार सिंह द्वारा अपहरण के आरोपित उजियार टोला निवासी उदित कुमार को गिरफ्तार किया है। अगवा लड़की को भी बरामद कर लिया गया है।

## बारात से लौट रहे तीनों दोस्तों को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने रौंदा



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सिन्हा रोड पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जगवलिया गांव के समीप रविवार की सुबह स्कार्पियो ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार तीन तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद तीनों पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में बड़हरा थाना क्षेत्र के छीनेगांव निवासी स्व. राधा किशन सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार, काशी नाथ सिंह का 30 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार और भोला सिंह का 25 वर्षीय पुत्र चतुर्भुज सिंह शामिल है। परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम तीनों गांव के ही सरोज सिंह के बेटे अनुज सिंह के बारात में चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव गए थे। रविवार की सुबह वह तीनों बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी जगवलिया गांव के समीप सामने से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद रोहित कुमार द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गयी। तब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद तीनों की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। उनमें अनीश कुमार और चतुर्भुज सिंह की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है।

## गया में बोरवेल में गिरी बच्ची की मौत

**केटी न्यूज/गया**

गया में एक ढ़ाई साल की बच्ची105 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची की पहचान कर ली गई है। हादसे की शिकार हुई बच्ची किसान अरविंद यादव की छोटी बेटी थी। बच्ची के बोरवेल में गिर जाने से परिजनों में हाहाकार मच गया । घटना मोहनपुर प्रखंड के मसौदा गांव की है जो गया जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। पूरे गांव के लोग इस हादसे से मर्माहत हैं और बच्ची को निकालने के लिए अपने अपने स्तर से कोशिश कर रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को अरविंद यादव की ढ़ाई साल की बेटी घर के पास खेल रही थी। वहीं बोरिंग कराया गया था जिसे बंद नहीं किया गया था। खेलने के दौरान अबोध बच्ची बोरवेल में गिर गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बच्ची को जल्द से जल्द बाहर निकालने की मांग की। लेकिन प्रशासनिक टीम के पहुंचने के पहले



बच्ची को निकालने के लिए जेसीबी मंगा लिया गया। बच्ची बोरवेल के बीच फंसी थी। उसे ग्रामीणों द्वारा निकाल लिया गया। लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी।

मोहनपुर के अंकोला पंचायत में राजेंद्र यादव के निजी घर में बोरिंग करवाया जा रहा था। इसी दौरान बोरिंग में ढाई साल की बच्ची गिर गई। गांवालों से जैसे ही सूचना मिली कि मोहनपुर प्रखंड मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती गांव के उक्त स्पॉट पर बीडीओ एवं थाना प्रभारी पहुंचे। तब तक जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने पटना मुख्यालय स्थित अपर मुख्य सचिव आपदा से बात करके पटना से भी एनडीआरएफ की टीम बुला ली। इसके साथ ही एम्बुलेंस एव मेडिकल टीम भी स्पॉट पर के लिये रवाना हो गई थी। लेकिन लोकल लोग जेसीबी के माध्यम से बच्चे को बोरिंग से निकालने के प्रयास में जुट गए। इस बीच बच्ची को बचाया नहीं जा सका।

## पीरामल फाउंडेशन परामर्शदाता डॉ वीके रैना ने सीएस से की मुलाकात, कहा-

# जिले को कालाजार से मुक्त होने का डब्ल्यूएचओ करेगा पुष्टि

**केटी न्यूज/नवादा**

जिला में कालाजार तथा फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन डॉ राम कुमार की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कक्ष में की गयी। इस समीक्षा बैठक में नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम विभाग के भूतपूर्व संयुक्त निदेशक सह पीरामल फाउंडेशन के परामर्शदाता डॉ विनोद कुमार रैना ने जिला स्तर पर कालाजार तथा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर हो रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ आफताब कलीम सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी ने हिस्सा लिया।



डॉ आफताब कलीम ने उन्हें बताया कि पूर्व में जिला में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए राउंड संचालित किया गया है। कहा कि क्षेत्र में अब तक कालाजार के मरीज नहीं मिले हैं। सिविल सर्जन तथा डीवीबीडीसीओ से कहा कि वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत होने वाले कार्यों की निगरानी बढ़ायें।

**भरोसा गांव में किया मरीजों से मुलाकात:** बैठक के उपरांत डॉ विनोद कुमार रैना ने सदर प्रखंड के भरोसा गांव तथा काशीचक का क्षेत्र भ्रमण किया। भरोसा गांव में उन्होंने फाइलेरिया मरीजों द्वारा तैयार पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों से मुलाकात की और उनके कार्यों के बारे में जाना। डॉ वीके रैना ने फाइलेरिया मरीजों से फाइलेरिया से दूसरे लोगों को सुरक्षित रखने के लिए दवा सेवन कराने के बारे में जानकारी ली। फाइलेरिया मरीज रुधि कुमारी ने बताया कि लोगों को अपना हाथीपांव दिखा कर दवा सेवन के लिए समझाते हैं। दवा सेवन के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए समय निकाल कर गांव के लोगों से मुलाकात करते हैं और इस बीमारी पर नियमित चर्चा करते हैं। डॉ. रैना ने मरीजों से कहा कि मरीजों से वे अपने प्रभावित अंगों की देखभाल में किसी प्रकार की कोताही नहीं करें। गांवों में मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां साफ-सफाई रखें। नालियों की व्यवस्था दुरुस्त करने तथा जलजमाव नहीं होने देने जैसे कार्यों के लिए पंचायती राज विभाग से मदद प्राप्त करें।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन करेगा पुष्टीकरण कार्य :** डॉ विनोद कुमार रैना ने बताया कि जिला में कालाजार पर काबू पाया जा चुका है। भारत सरकार तथा राज्य सरकार कालाजार उन्मूलन की दिशा में बढ़िया कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि वह राज्य में कालाजार और फाइलेरिया की स्थिति को जानने के लिए दौरे पर आये हैं। इस दौरान वह नवादा सहित जहानाबाद, नालंदा तथा सिवान में कालाजार तथा फाइलेरिया की स्थिति का ब्योरा लेंगे।

## एक नजर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी



**अंबा (औरंगाबाद)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का एलइडी वैन रविवार को कुटुंबा पहुंचा। वैन में लगे एलइडी टीवी के द्वारा केन्द्र सरकार के विकास कार्यो जैसे उज्ज्वला योजना,मुफ्त खाद्यान्न योजना,किसान सम्मान योजना,आयुष्मान योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को विकास कार्यो का कैलेंडर दिया गया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि एलईडी वैन सात दिनों तक प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण करेगा। प्रत्येक दिन दो पंचायत के भ्रमण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रविवार को कुटुंबा एवं नबीनगर के पंचायत का भ्रमण किया गया। सोमवार को रिसियप एवं भरौंधा पंचायत का भ्रमण किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्णदेव चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, कुटुंबा विधानसभा संयोजक जीतू तिवारी, महामंत्री अभय पासवान, महामंत्री अमरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय, उपाध्यक्ष सोनु मालाकार, वरिष्ट कार्यकर्ता विनोद सिंह, छोटे पिंटू सक्सेना, जीविका दीदी एवं पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जहानाबाद में ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत



**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के ठाकुर स्थान गांव में ट्रैक्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम किशोर कुमार बताया जा रहा है। जो ट्रैक्टर चलाता था। रविवार की सुबह वह ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने के लिए गया था। खेत जोत कर वो पईन के रास्ते घर लौट रहा था। इसी क्रम में अचानक ट्रैक्टर पलट गया। जिसके कारण वो ट्रैक्टर के इंजन से दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर से हटाकर जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि ट्रैक्टर पलटने के कारण इसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। जिसके कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जैसे ही परिवार जनों को मौत की खबर लगी परिवार में कोहराम मच गया। परिवार जनों को रोते-रोते बुरा हाल है। इस घटना के बारे में इसके परिवार कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं।

### ओवरलोड कोयला व गिट्टी लदे 33 वाहन जब्त



**औरंगाबाद।** अवैध खनन एवं ओवर लोडिंग के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सदर एसडीओ विजयंत एवं एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खां के नेतृत्व में छापेमारी की गई जिसके फलस्वरूप ओवर लोड कोयला एवं गिट्टी लदा 33 वाहनों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत बभंडी गांव के समीप की गई। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं एवं ओवर लोडिंग वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ छापेमारी से पत्थर कारोबारियों में हड़कंप मचा है। जब्त किए गए वाहनों के पीछे चल रहे गिट्टी लदे कई हाइवा एवं ट्रक रुक गए। सभी वाहनों के चालक एवं पत्थर के कारोबारियों के द्वारा सड़क से छापेमारी टीम के हटने का इंतजार करने लगे।और पुलिस में मुस्तैदी से वाहनों को पकड़ा गया।




# आशा पड़री से गंगौली बांध तक की सड़क का होगा चौड़ीकरण

♦ 16.16 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण

**केटी न्यूज/सिमरी**

आशा पड़री से नियाजीपुर, कोईलवर तटबंध होते हुए गंगौली तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। 16.16 करोड़ की लागत से इस पथ का चौड़ीकरण किया जाएगा। चौड़ीकरण का काम ग्रामीण कार्य विभाग के जिम्मे होगा। बता दें कि सिमरी पूर्वी के जिप सदस्य रामावती देवी ने हाल ही में बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल को आवेदन



दे इस पथ के चौड़ीकरण की मांग की थी। अपने आवेदन में जिप सदस्य ने इस पथ के महत्व तथा गंगा नदी पर शिवपुर दियर के पास बने जनेश्वर मिश्र सेतु से संपर्क को दिखाते हुए इस पथ के चौड़ीकरण की मांग की थी। जिसके बाद डीएम ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**भोजपुर सिमरी पथ के चौड़ीकरण की भी उठी मांग :** आशा पड़री से गंगौली तक पथ के चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलने के बाद अब भोजपुर के सिमरी तक की सड़क के दोहरीकरण की मांग होने लगी है। बता दें कि सिमरी प्रखंड का यह सबसे प्रमुख मार्ग है जो सिमरी को एनएच 922 तथा डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय से भी जोड़ता है। इस पथ के चौड़ीकरण के अभाव में हर दिन जाम से वाहन चालकों को जूझना पड़ता है। वही हल्की बरसात के बाद सड़क पर कीचड़ जमा हो जाता है। जिससे आवागमन बाधित होता है। पिछले दो दिनों से इस पथ पर नगवां से आशा पड़री तक कीचड़ के कारण वाहन फिसल कर दुर्घटना के शिकार हो रहे थे। वही इस कारण भयंकर जाम भी लग रहा था। केशव टाइम्स ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद अब भोजपुर से सिमरी तक के पथ के चौड़ीकरण की मांग जोर पकड़ने लगी है। पड़री पंचायत के पूर्व मुखिया सरोज तिवारी, भाजपा नेता अनु तिवारी, विनोद तिवारी, धनंजयपुर के रंजन मिश्र, सिमरी के मकरध्वज राय, नियाजीपुर के त्रिलोकी पाठक, सहियार के अजीत ठाकुर, युवा नेता दीपक यादव आदि ने जिला प्रशासन से भोजपुर सिमरी पथ के चौड़ीकरण की मांग भी की है।

### 20 पंचायतों व 10 लाख की आबादी को मिलेगा लाभ



इस संबंध में जानकारी देते हुए जिप सदस्य के प्रतिनिधि सह चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्र ने कहा कि स्व. चन्द्रमा मिश्र पथ के चौड़ीकरण के बाद दियारा क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा व्यवसाय भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के मरम्मत होने से सिमरी प्रखंड के 20 पंचायतों तथा 10 लाख की आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। वही डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र से यूपी के बलिया तक का परिवहन भी आसान हो जाएगा। बता दें कि इस पथ पर हर दिन हजारों वाहनों का परिचालन होता है। सिमरी प्रखंड के दियारा क्षेत्र के लिए यह पथ लाईफ लाईन है। लेकिन पथ की चौड़ाई कम होने से अक्सर जाम की नौबत आती है। वही वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब इस पथ के चौड़ीकरण की खबर सुनते ही लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के भ्रष्टाचारी राज्यसभा सदस्य का किया पुतला दहन



**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू का पुतला दहन किया। पुतला दहन का नेतृत्व नगर अध्यक्ष अजय वर्मा ने किया। बता दें कि दो दिन पहले ही उक्त राज्य सभा सदस्य के घर से भ्रष्टाचार की अकूत संपत्ति मिली है। अबतक 300 करोड़ रुपए कैश मिलने के बाद पूरे देश में इसकी चर्चा हो रही है। भ्रष्टाचारी राज्य सभा सांसद का पुतला दहन वीर कुंवर सिंह चौक पर किया गया।

इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ता रामलीला मैदान में उपस्थित हुए तथा वहां से मार्च करते हुए कॉग्रेस पार्टी मुदार्बाद, सोनिया गांधी मुदार्बाद, राहुल गांधी मुदार्बाद का नारा लगाते हुए वीर कुंवर सिंह चौक पहुंचे। जहां पहुंचने के बाद राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम के बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के घर सरकार के एजेंसी इनकम टैक्स विभाग द्वारा आज 4 दिन से रुपया गिरने के काम किया जा रहा है। रुपये गिनने की 40 मशीन लगी हुई है। लेकिन मशीन भी नोट गिनते गिनते धुआं फेंक दे रहा है। इतनी बड़ी रकम सांसद के घर से बरामद होना ये साबित करता है कि भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस है। इसी तरह का भ्रष्टाचार कर और करवा कर देश को खोखला करने का काम कर रही है। साथ ही इतनी बड़ी रकमें बरामद होना यह भी साबित करता है कि कांग्रेस की सहयोगी झारखंड सरकार भी इस कुकृत्य में लिप्त है। कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार का पर्याय, जिसका जीता जागता सबूत धीरज साहू के घर से इतनी बड़ी संख्या में बरामद नोट है। भारतीय जनता पार्टी इस तरह के भ्रष्टाचारियों को भारत सरकार से मांग करती है की तत्काल प्रभाव से इनकी सदस्यता बर्खास्त की जाए साथ ही साथ ऐसे कुकृत्य में शामिल लोगों की जांच कर सख्त से सख्त कानूनी सजा दी जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, श्रीमन्नारायण तिवारी, तेजप्रताप सिंह उर्फ छोटे, नवीन निश्चल चतुवेर्दी, नगर अध्यक्ष भाजयुमो प्रतिक सिंह, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संध्या पांडेय, मदन दुबे, भरत प्रधान, विकास कायस्थ, रामनारायण गोंड, राजू सिंह, गणेश वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, राहुल दुबे, बटेश्वर मिश्र समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### मेडिकल सेवा की परीक्षा में आकृति ने लहराया परचम



**बक्सर।** जिले की बेटी आकृति ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित मेडिकल सेवा की परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। दो दिन पहले जारी हुए परिणाम में उन्हें 119 वां स्थान प्राप्त हुआ है। आकृति ने यह सफलता अपने प्रथम प्रयास में ही प्राप्त किया है। इस वजह से पूरे परिवार के साथ ही मुहल्लेवासियों में खुशी कायम हो गई है। उनके पिता रेलवे के सेवानिवृत्त लोको पायलट हैं। आकृति नगर के नालबंद टोली के रहने वाले सुरेश प्रसाद साहू की पुत्री है। पिता के अनुसार आकृति गोमो में स्थित संत मेरी डे स्कूल से पढ़ाई प्राथमिक पढाई पूरी की। जिसने जमशेदपुर से एमबीबीएस करने के बाद परीक्षा में शामिल हुई थी। इसको लेकर आकृति को बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

### शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में 15 अनुपस्थित

**बक्सर।** बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति को लेकर लिखित परीक्षा जिले के एक केंद्र पर रविवार को आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी तरह दिखी। वहीं शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर स्टैटिक दंडाधिकारी के साथ ही पर्याप्त पुलिस बल एवं पुलिस अधिकारी तैनात रहे। परीक्षा हॉल में प्रवेश देने से पूर्व चीट पर्चों की विधिवत जांच की गई। जिसके बाद प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षा जिले के कैंब्रीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर आयोजित की गई। जहां 84 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। जिसमें कुल 15 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं कुल 69 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे। परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं है।

## जाम से कराह रहा मुख्य सड़क, ध्वनि और वायु प्रदूषण से लोग हलकान

# सूरत-ए-हाल : बाइपास के आभाव में ध्वस्त हुई डुमरांव की ट्रैफिक व्यवस्था

♦ रात में शहर की मुख्य सड़क स्टेशन रोड से दूसरे वाहनों का गुजरना मुश्किल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है। पूरे दिन सड़को पर महाजाम का नजारा लगा रहता है। जाम से सड़के कराहती है और लोग वाहनों को छोड़ पैदल गुजरकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचते है। खासकर रात में नो एंट्री टूटते ही सड़क के दोनों किनारे ट्रकों के आवाजाही का जो सिलसिला शुरू होता है वह पूरी रात जारी रहता है। बक्सर-पटना फोरलेन सड़क के निर्माण के बाद अब बक्सर गोलंबर से बलिया व गाजीपुर को जोड़ने वाला नया पुल भी शुरू हो गया है, जिस कारण बालू लदे ट्रकों की आवाजाही पूरे रात हो रही है।

एक अनुमान के मुताबिक हर दिन हजारों ट्रक इस सड़क से गुजरते है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा करीब एक दशक पूर्व दिन में नो एंट्री लागू कर ट्रक तथा अन्य भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाया था। यह सिलसिला आज भी जारी है, जिस कारण ट्रक चालक रात में ही



शहर की सीमा में प्रवेश करते है, जिस वजह से रात में शहर की मुख्य सड़क स्टेशन रोड से दूसरे वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब रात आठ बजे के बाद थोड़ी देर के लिए भी यदि पश्चिमी रेलवे क्रासिंग बंद हुई तो पुराना भोजपुर से टेढ़की पुल तक सड़क के दोनों तरफ ट्रकों की कतार लग जाती है। इस दौरान स्थानीय लोगों को जरूरी काम के लिए यदि स्टेशन रोड में जाना पड़ता है तो उन्हें महज कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए घंटों मशक्कत करना पड़ता है। रात में ट्रकों के आवाजाही से स्टेशन रोड में आंधी की तरह धूल उड़ता है, जिससे वाहन चालकों के साथ ही सड़क किनारे घर बनाकर रहने वालों को भी अपना दरवाजा व खिड़की बंद करना पड़ता है। रात में धूल उड़ने से वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना रहता है। वहीं ट्रकों की शोर से लोगों को ध्वनि प्रदूषण का दंश भी झेलना पड़ता है।

**डुमरांव में बाइपास सड़क का है अभाव :** डुमरांव शहर से वाहनों को फोरलेन से ही अन्य जगहों पर जाने के लिए कोई बाइपास या दूसरा विकल्प नही है, जिस कारण मालवाहक वाहनें बीच शहर से होकर गुजरती है। बतादें कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 120 सड़क भी बहुत पुरानी है। इस बीच वाहनों क संख्या हजारों गुना बढ़ गयी है। शहर की आबादी भी तेजी से बढ़ी है। वाहनों के भारी दबाव के कारण ही स्टेशन रोड में हर समय जाम की समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान बाइपास सड़क निर्माण को बताया जाता है लेकिन वर्षों से इसका निर्माण सरकारी फाइलों में धूल फांक रहा है। पिछले साल महरौरा के पास से बाइपास निर्माण की कवायदें शुरू हुई थी लेकिन विभागीय उदासीनता से अभी तक इसका गजट भी प्रकाशित नहीं हो सका है। लिहाजा निकट भविष्य में इस समस्या का समाधान होते भी दिखाई नहीं पड़ रहा है।

### पांच किलोमीटर तक खड़ी रहती है ट्रकें

डुमरांव शहर में 12 घंटें बड़े वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 120 सड़क पर दुर्घटना का काला बादल मंडराने लगा है। कारण कि ट्रेनिंग स्कूल से लेकर कोपवां तक एक तरफ ट्रकों का लंबा काफिला लगा रहता है, जिस वजह से यह मुख्य सड़क वन वे बन जाती है। इन बालू लदे ट्रकों के गुजरने से इस सड़क पर कई जगह सड़क टूट कर जर्जर बन गयी है। मुख्य सड़क से गुजरने वाले वाहनों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है और कई जगहों पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वाहन चालक सड़क पर रेंगते हुए सावधानी से अपने वाहनों को लेकर गुजरते है। शहर के समाजसेवियों की मानें तो केवल दिखावे के लिए ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था की गयी है जबकि प्रशासन को इस व्यवस्था से निपटने के लिए तीन या चार जगहों पर ट्रैफिक पुलिस की सुविधा देनी चाहिए।

# मैथमेटिकल सोसायटी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 18 तक होगा आवेदन

**केटी न्यूज/बक्सर**

मैथमेटिकल सोसायटी के तहत आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 18 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकेगा। इसको लेकर जिले के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं से ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आवेदन करने की अपील किया है। जिससे वे अंतिम समय में आवेदन करने से चूक न जाए। ज्ञात हो कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा एवं निदेशक उच्च शिक्षा बिहार सरकार के द्वारा जारी पत्र में जिला पदाधिकार, जिला शिक्षा पदाधिकार एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव से अनुरोध किया गया है कि बिहार मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा आयोजित कक्षा 6 से 12 व स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए आयोजित टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिकल साइंसेज 2023 में छात्र एवं छात्राओं को अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

डॉ विजय कुमार संयोजक सह संयुक्त सचिव बिहार मैथमेटिकल सोसायटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने हेतु किसी प्रकार के शुल्क निर्धारित नहीं है। इच्छुक प्रतिभागी बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के वेबसाइट पर 18 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान आंकड़ा के अनुसार कुल 11829 छात्रों का पंजीकरण में प्रथम पटना से




1025, द्वितीय बक्सर से 635, तृतीय गया से 525 एवं समस्तीपुर से 485 छात्रों ने पंजीकरण किया है। इसमें चयनित छात्रों को पुरस्कृत एवं प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके पूर्व जून-जुलाई 2023 में 1423 चयनित प्रतिभागियों को शिक्षा विभाग के वित्तीय सहयोग से आईआईटी पटना में एक माह का प्रशिक्षण दिया गया था। विगत वर्षों के विजेता प्रतिभागी इस प्रतियोगिता की तारीफ करते हैं। उन्हें विषय वस्तु को लेकर अच्छा ज्ञान अर्जित करने का मौका आईआईटी पटना में मिला।

पिछले वर्ष में भी जिला बक्सर राज्य के सर्वश्रेष्ठ पांच स्थान में अपना आवेदन के मामले में स्थान रखा था। बक्सर के शिक्षक अनीता यादव, डॉक्टर मनीष कुमार शशि, प्रमोद चौबे, सुरेंद्र सिंह, धनंजय मिश्र, शिल्पम, विशाल, प्रगति जायसवाल, आरती जयसवाल, ऋतुराज, बृजेश राय, पम्मी राय, सारिका चौधरी, सोनू और विकास कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने छात्रों से अधिक से अधिक आवेदन करने की सलाह दी हैं।

# राष्ट्रीय लोक संरक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक बने प्रदीप दूबे

**बक्सर।** वरिष्ठ भाजपा नेता तथा बक्सर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप दूबे को भाजपा राष्ट्रीय लोक संरक्षण अभियान का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। उन्हें दूसरी बार यह जिम्मेवारी दी गई है। बता दें कि प्रदीप दूबे की गिनती बक्सर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं में होती है तथा पूर्व में ये बक्सर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके है। इनके कार्यो को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें फिर से यह जिम्मेदारी दी हैं। वहीं दूबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद जिले के भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल कायम हो गया है।

कार्यकताओं ने इस पुनीत कार्य के लिए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत प्रदेश नेतृत्व को बधाई दी है। बधाई देने



वालों में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. राजेश सिन्हा, युवा मोर्चा के क्षेत्रिय प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव, निर्भय राय समेत कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। बता दें कि शनिवार को बिहार भाजपा ने विभिन्न विभागों, प्रकोष्ठों के संयोजक, सहसंयोजक व प्रभारी के पदों पर मनोनीत किया है। जिसमें प्रदीप दूबे को राष्ट्रीय लोक संरक्षण अभियान की जिम्मेवारी दी है।

# नया भोजपुर में पोल्ट्री फार्म में लगी आग, 300 मुर्गियां जलकर हुई राख

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में रात्रि पहर एक पोल्ट्री फार्म में अगलगी के दौरान करीब 300 मुर्गियां सहित उनके निवाले आदि जलकर राख हो गये। सूचना पाकर ग्रामीण वहां दौड़े और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस मामले में पोल्ट्री फार्म संचालक नया भोजपुर के रहने वाले इंद्रदेव पासवान के पुत्र जगनारायण पासवान ने ओपी थाने में आवेदन दिया है। पीड़ित ने पुलिस को लिखित आवेदन में बताया है कि वह नया भोजपुर में पोल्ट्री फार्म चलाता है।



शनिवार की रात मेरा पुत्र घर पर खाना खाने आ गया। इसी दौरान पोल्ट्री फार्म में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। इस दौरान पोल्ट्री फार्म के सारे सामानों के साथ 300 मुर्गियां जलकर राख हो गयी। इस आगलगी में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आगलगी की जानकारी मिलते ही मैं अपने पुत्रों के साथ वहां पहुंचा और शोरगुल मचाया। हो-हल्ला सुनकर ग्रामीण जुटे और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ओपी पुलिस ने बताया कि इस मामले की शिकायत मिली है। पुलिस-जांच पड़ताल में जुट गयी है। घटना के बाद से पोल्ट्री संचालक के परिवार में मायूशी छाई है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ बिहार सेंट्रल स्कूल बक्सर का स्थापना दिवस समारोह

# संस्कारों का सृजन करने वाली शिक्षा ही श्रेयस्कर: रणविजय

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को नगर के बाईपास रोड स्थित बिहार सेंट्रल स्कूल का 24 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि इंजिनियर रण बिजय सिंह, विशिष्ट अतिथि डा. महेंद्र प्रसाद पूर्व नप अध्यक्षा मीना सिंह व ओम प्रकाश केशरी उर्फ पवन नंदन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के सचिव सरोज कुमार ने आगत अतिथियों को पौधा, मोमेंटो और डायरी भेंट कर स्वागत किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए रण विजय सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह खास कर विद्यालयों के लिए आत्म मंथन का दिन होता है। जब हम अपने कार्य एवं कर्तव्यों के निर्वहन का मूल्यांकन करते हैं। शैक्षणिक कार्य सिर्फ आत्मनिर्भर बनाने के लिए न बनकर एक




स्वस्थ विचार को सृजित करने का माध्यम होना चाहिए ताकि हम समाज में अच्छे व्यक्तित्व को दें। उन्होंने कहा कि संस्कारों का सृजन करने वाली शिक्षा ही श्रेयस्कर है। साथ ही उन्होंने बच्चों मैं नैतिक गुणों का होना पाठ्यक्रम से भी महत्वपूर्ण बताया। वही डा. महेंद्र प्रसाद ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को समाज एवं स्वास्थ्य की एक महत्वपूर्ण कड़ी माना तथा इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा पुस्तक परक ना होकर उद्देश्य परक होनी चाहिए। उक्त अवसर पर विद्यालय की निदेशिका उर्मिला सिंह, उप निदेशिका नेहा सिंह, सचिव सरोज सिंह, सनबीम के निदेशक रविंद्र सिंह, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के निदेशक दीपक सिंह, रेड क्रॉस सचिव श्रवण तिवारी, रेड क्रॉस के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ शशांक शेखर, बक्सर पब्लिक स्कूल के निदेशक निर्मल सिंह, शिक्षाविद बबन सिंह, पूर्व अध्यक्ष मीना सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नंदकुमार तिवारी, ओम प्रकाश केशरी पवननन्दन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से हुई। जिसके पश्चात बच्चों ने नृत्य संगीत के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। वर्ग 8 के बच्चों ने प्रसिद्ध नाटक रीढ़ की हड्डी का मंचन किया जिसमें सामाजिक कुरीतियों को दशार्या गया। जूनियर वर्ग के बच्चों ने अपने नृत्य व गायन से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। मंच संचालन विद्यालय की बच्चियां अंजलि, ज्योति, मोहिनी, अनुप्रिया एवं काजल ने किया। वही कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विनय कुमार तिवारी ने किया।



# जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था: मुख्यमंत्री योगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर**

- सीएम ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति का जहर ही देश की गुलामी का कारण था। कुछ लोग आज भी जाति के नाम पर समाज को बांटना चाहते हैं। अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जाति के जहर को समाज में घोलने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना पड़ेगा। इस जहर से किसी का हित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में जो भी व्यक्ति कार्य कर रहा है, उसे राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इससे ही आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार हो सकेगी। सीएम योगी ने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने का अड्डा न बनें, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनकर उभरें। सीएम योगी ने यह बातें रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बांसगांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत आयोजित समारोह में कहीं।

**विपरीत परिस्थितियों से जूझने की थी बाबू चतुर्भुज सिंह की प्रवृत्ति :** उन्होंने कहा कि बाबू चतुर्भुज सिंह की विपरीत परिस्थितियों से जूझने की प्रवृत्ति थी। वह वरिष्ठ समाजसेवी थे। सुख-दुख में प्रत्येक



व्यक्ति के साथ खड़े रहते थे। वह सम और विषम परिस्थितियों में कार्य करते हुए जनहित से जुड़े हुए मुद्दे को प्रखरता के साथ आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहते थे। सीएम योगी ने कहा कि जिस कालखंड में सरकार का प्रोत्साहन कम था, उस समय बांसगांव क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना एक सपना था।

**शिक्षण संस्थानों को दिखानी पड़ेगा मंजिल तक पहुंचने की राह :** सीएम योगी ने कहा कि उस समय जस्टिस केडी शाही के मार्गदर्शन में यहां पर बाबू चतुर्भुज सिंह ने इस कॉलेज की स्थापना के दायित्व को अपने कंधों पर लिया। देखते ही देखते यहां पर महाविद्यालय बना। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों से निकले छात्र-छात्राओं में अपने भविष्य को लेकर भ्रम की स्थिति न हो। उनके सामने पहले से निर्धारित लक्ष्य हो। इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों और अध्यापकों की है। उन्होंने कहा कि हर राह मंजिल तक जरूर पहुंचती है। मंजिल तक पहुंचने की राह दिखाने का माध्यम हमारे शिक्षण संस्थानों को बनना पड़ेगा। इसके लिए छात्र-छात्राओं को भी कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।

**दुर्बलता का कारण बनेगा शॉर्टकट का रास्ता :** सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को नसीहत देते हुए कहा कि कभी भी जीवन में लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए शॉर्टकट का रास्ता मत अपनाना। शॉर्टकट का रास्ता दुर्बलता का कारण बनेगा। यह जीवन में स्थायित्व नहीं दे पाएगा। उन्होंने कहा कि विकास ही लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकता है। विकास जब भी आता है तो तात्कालिक परेशानी तो होती है। उदाहरणस्वरूप जब सड़क का निर्माण होता है तो अतिक्रमण हटाया जाता है। इससे कुछ समय के लिए कुछ लोगों को परेशानी होती है, लेकिन लंबे समय तक उसका लाभ समाज के प्रत्येक तबके को प्राप्त होता है।

## एक नजर

### बदहाल बांसडीह मुझे विरासत में मिला, संजोकर दम लूंगी: केतकी सिंह




**बलिया।** साहोडीह गांव के सुदामा बाबा मठिया पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक केतकी सिंह ने दो करोड़ चौसठ लाख की लागत से बनने वाले साहोडीह-आसचौरा मार्ग का शिलान्यास किया। लिंक सड़क के बन जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केतकी सिंह ने कहा कि बांसडीह विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को अच्छा बनाने के लिए प्रयत्नशील हूं। क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही हूं। साहोडीह, आसचौरा के चार किलोमीटर लंबी सड़क का त्वरित आर्थिक विकास योजना से दो करोड़ चौसठ लाख 87 हजार रूपया से निर्माण होगा। पिच सड़क के साथ कुछ हिस्सों में सीसी सड़क भी बनेगी।विधायक केतकी सिंह ने कहा की पिछले जनप्रतिनिधियों ने बांसडीह की जनता को केवल  हसीन सपने दिखाये धरातल पर कोई विकास कार्य नही हुआ। उनके द्वारा केवल टूटी सड़कें, बदहाल बांसडीह मुझे विरासत में मिला, जिसे हमने विकास से संजाने का कार्य शुरू किया है। मौके पर भाजपा बांसडीह मंडल अध्यक्ष प्रतुल ओझा, राजू दूबे, अभिजीत तिवारी, वेद प्रकाश वर्मा, अजय यादव, ओमप्रकाश सिंह, चंदन कुमार, दुर्गेश मिश्रा आदि थे।

### हार्ट अटैक से हेड कांस्टेबल की मौत

**बलिया।** रसड़ा तहसील अंतर्गत नगरा खनवर नेवादा निवासी हेड कांस्टेबल की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। मौत की खबर पाते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार ,नगरा खनवर नेवादा निवासी हेड कांस्टेबल छांगूर राम पुत्र सुकई राम जौनपुर पुलिस लाइन में तैनात थे। शनिवार को छुट्टी लेकर इलाहाबाद के छोटा बघाड़ा में रहने वाली बहु सुनीता व बेटी बीनू से मिलने गए थे। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह करीब दस बजे वह प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर सात पर पहुंचे। इस दौरान वह खड़े खड़े अचेत होकर गिर गए। सूचना पाकर जीआरपी के जवान पहुंचे व पुलिसकर्मी को अस्पताल ले गए । जहां चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने से मौत की पुष्टि की। मृतक हेड कांस्टेबल का पार्थिव शरीर रविवार को खनवर पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव सहित परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। छांगूर राम अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रियों सहित पत्नी प्रेमशीला को छोड़कर चले गए। वहीं पत्नी प्रेमशीला रोते -रोते बेसुध हैं।

### पिकअप के एंगल में 11 हजार करंट प्रवाहित होने से चालक की मौत, बची नर्तकियां



**रेवती।** डीजे लदे पिकअप के एंगल में करंट प्रवाहित होने से रेवती थाना क्षेत्र के छपरा सारिब निवासी 24 वर्षीय पिकअप चालक की मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार रेवती नगर के वार्ड नं 6 छोटका टोला से ददन तुरहा के लड़के विनोद की बारात अपायल-सुखपुरा गई थी। बारात में पिकअप वैन पर लदे डीजे के ऐंगल में 11 हजार का विद्युत करंट प्रवाहित हो गया। जिसकी जद में आने से पिकअप चालक रेवती थाना क्षेत्र के छपरा सारिव गांव निवासी 24 वर्षीय पिन्टू यादव गंभीर रूप से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसे चालक पिन्टू यादव को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल बलिया पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि पिकअप पर सवार चार नर्तकियां किसी तरह पिकअप वैन से नीचे कूद गई। चारों को सामान्य चोट आई है। उधर अपायल गांव निवासी ललन तुरहा की लड़की से ददन तुरहा के लड़के विनोद से आनन फानन में शादी संपन्न होने के बाद बारात रविवार की सुबह रेवती लौट आई।

### पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

**बलिया।** जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अशोक कुमार एवं शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ आरबी सिंह ने रविवार को शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेदुआ के प्रांगण में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने जन्म से लेकर पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप ह्लदो बूंद जिन्दगी कीह्व पिलाई। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि अब देश में पोलियो का उन्मूलन हो चुका है लेकिन फिर से पोलियो वायरस पनप न सके इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को पोलियो बचाव की खुराक अवश्य पिलायें। उन्होंने बताया कि पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल है। पोलियो की ड्रॉप जन्म के समय ही दी जाती है। इसके अलावा छह, दस और चौदह सप्ताह पर भी पोलियो ड्रॉप पिलाई जाती है। इसकी बूस्टर खुराक 16 से 24 महीने की आयु में भी दी जाती है।

## खबरें फटाफट

### तमंचा एवं कारतूस के साथ अभियुक्त गिफ्तार

**बलिया।** चितबड़ागांव थाने की पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को तमंचा मय कारतूस के साथ रविवार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार चौधरी मय हमराह हेड कांस्टेबल अमरेन्द्र राय, कांस्टेबल विजयशंकर व कांस्टेबल अभिषेक सिंह क्षेत्र में मामूर थे। इसबीच मुखबिर की सूचना पर जिला बदर अभियुक्त सुनील राजभर पुत्र स्वर्गीय वकील राजभर निवासी ग्राम नफरेपुर थाना चितबड़ागांव को कलानी चट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया। जमातलाशी में अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

### कल निकलेगी अक्षत कलश यात्रा

**पीडीडीयू नगर।** कैलाशपुरी स्थित शिव मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विचार परिवार के कार्यकताओं के द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक सद्भाव प्रमुख काशी विभाग डॉ अनिल यादव ने कहा कि 12 दिसंबर को पोद्दार भवन कैलाशपुरी से एक कलश यात्रा निकलेगी जो नगर में रवि नगर पटेल नगर न्यू मोहाल काली महाल  कसाब महाल होते हुए जीटी रोड पकड़कर सुभाष पार्क से होते हुए कैलाश पुरी स्थित शिव मंदिर में विसर्जित हो जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपराह्न 1:00 बजे से निकलने वाली इस यात्रा में संघ और उसके विचार परिवार के लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह कलश यात्रा इसलिए निकाली जा रही है क्योंकि उस कलश में राम मंदिर अयोध्या धाम में पूजित अक्षत है और वह दीनदयाल नगर एवं पूरे चंदौली जनपद के एक-एक हिंदू परिवार में पहुंचाना है। अक्षत एक आमंत्रण है और सभी को आमंत्रित किया जा रहा है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**चंदौली।** थाना क्षेत्र के नियामताबाद ब्लॉक के समीप रविवार की देर शाम जीटी रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई,जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए राजकीय महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के कठौरी गांव निवासी पांचू सोनकर 26 वर्ष अपने पिता नंदू सोनकर 75 वर्ष व चाचा सुभाष सोनकर 60 वर्ष के साथ अमोघपुर एक शादी में शरीक होकर रविवार की देर शाम अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही नियामताबाद ब्लॉक के समीप पहुंचे कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पांचू व सुभाष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि नंदू सोनकर को पुलिस ने इलाज के लिए राजकीय महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अज्ञात वाहन को खंगालने में जुटी है।

## दुल्हन की तरह सजकर महानगरी के लिए रवाना हुई कामायानी एक्सप्रेस

# रेलवे अपनी सेवाएं प्रदान करता है तो हम भी राजस्व अर्जन का ध्यान रखें: सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद वीरेन्द्र सिंह ने रविवार को गाड़ी संख्या 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (कामायनी एक्सप्रेस) को बलिया रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने गाड़ी संख्या 11072/11071 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस (कामायनी एक्सप्रेस) का बलिया रेलवे स्टेशन तक यात्रा विस्तार कर दिया है।

कामायनी एक्सप्रेस को बलिया जिला मुख्यालय बलिया स्टेशन तक यात्रा विस्तार देने के लिए सांसद वीरेन्द्र सिंह ने रेल मंत्री एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कहा कि भारतीय रेल यातायात का सबसे सुलभ एवं किफायती साधन है, जो सस्ता होने के कारण आम जनता के लिये बहुत उपयोगी है। बताया कि बलिया क्षेत्र के निवासी लगातार बलिया से मुम्बई के लिए कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन की मांग कर रहे थे। इसी तरह जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी



वैष्णव को कई बार पत्र लिखकर कामायनी एक्सप्रेस को बलिया रेलवे स्टेशन तक यात्रा विस्तार करने और यात्रियों की माँग एवं मेरे लगातार अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु कामायनी एक्सप्रेस को बलिया रेलवे स्टेशन तक यात्रा विस्तार किया गया है। इससे जिले के यात्रियों विशेष कर व्यापारियों, कामगारों, किसानों एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को बहुत लाभ होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी से अनुरोध किया कि बलिया रेलवे स्टेशन से महानगरों से जोड़ने वाली ट्रेनों में एक बोगी किसान के लिए मोटे आनाज के निर्यात के लिए अवश्य लगाए। उन्होंने क्षेत्रीय जनता को नसीहत देते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि जिस प्रकार रेलवे हमे अपनी समर्पित सेवाएं प्रदान करता है, हम भी उसके राजस्व अर्जन का पूरा ध्यान रखें और अपना उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।

**सांसद की तारीफ में मंडल रेल प्रबंधक ने बांधे पुल :** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत सम्बोधन में कहा कि मैं बलिया सांसद वीरेन्द्र सिंह का हार्दिक स्वागत करता हूं, जिन्होंने अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों में से अपना



बहुमूल्य समय निकाल कर बलिया रेलवे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस एक्सप्रेस के यात्रा विस्तार का शुभारम्भ करने का हमारा अनुरोध स्वीकार करते हुए इस समारोह में उपस्थित हुए हैं। मैं इस समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करता हूं। पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल यात्री प्रधान मंडल है, जो अपने यात्रियों को उन्नत सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयासरत है। यात्री सुविधाओं के उन्नयन के क्रम में बलिया रेलवे स्टेशन को लगभग 34.93 करोड़ की लागत से यात्री सुविधा के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। मौके पर वरिष्ठ मंडल इं. द्वितीय सत्यम सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रशांत कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त उग्रसेन सिंह सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक, स्टेशन के रेलवे कर्मचारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थिति थी। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन पीआरओ वाराणसी अशोक कुमार ने किया।

### ट्रेन की समय सारिणी

बलिया रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं. 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल कामायनी एक्सप्रेस बलिया से 12:45 बजे प्रस्थान कर गाजीपुर सिटी से 14:00 बजे, औड़िहार से 14:50 बजे तथा वाराणसी से 16:00 बजे छूटकर नियमित समय सारणी के अनुसार (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) मुम्बई के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया कामायनी एक्सप्रेस मुम्बई से वाराणसी के समय सारणी के अनुसार वाराणसी जं से 19:55 बजे प्रस्थान कर औड़िहार से 20:50 बजे गाजीपुर सिटी से 21:30 बजे छुटकर रात 22:35 बजे बलिया पहुंचेगी।

# ब्राह्मणों पर अब उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: राजेश मिश्रा

**केटी न्यूज/बलिया**

ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के पांचवें जनपदीय स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार की दोपहर श्री जंगली बाबा धाम गड़वार में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्व प्रथम उपस्थित संगठन के पदाधिदारियों एवं सदस्यों ने भगवान परशुराम के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प  अर्पित किया, तत्पश्चात हवन किया गया।

जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से आए सुरेशचन्द्र उपाध्याय, रामजन्म पांडेय, राहुल उपाध्याय, शिवशंकर उपाध्याय, डॉक्टर ओंकार नाथ पांडेय, अंजनी उपाध्याय, घनश्याम तिवारी, राकेश तिवारी, धनंजय उपाध्याय, धनंजय मिश्र एवं पंकज उपाध्याय को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए माला



पहनाकर स्वागत किया गया तथा स्मृति चिह्न भेंट की गई।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि  ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण स्वयं सेवक संघ ब्राह्मणों के मान सम्मान की रक्षा के लिए एवं हक-हकूक की लड़ाई के लिए सदैव लड़ता रहेगा। ब्राह्मणों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने संगठन की एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर चन्द्रशेखर उपाध्याय, उमाशंकर शुक्ल, दयाशंकर तिवारी, करुणेश पाण्डेय, राजू दूबे, प्रीति पांडेय, सोनी तिवारी, रजनी उपाध्याय मौजूद रहे।

# पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल : डॉ. सिंह

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अशोक कुमार एवं शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ. आरबी सिंह ने रविवार को शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेदुआ के प्रांगण में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप "दो बूंद जिन्दगी की" पिलाई।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि अब देश में पोलियो का उन्मूलन हो चुका है लेकिन फिर से पोलियो वायरस पनप न सके इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को पोलियो बचाव की खुराक अवश्य पिलायें। उन्होंने बताया कि पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल है। पोलियो



की ड्रॉप जन्म के समय ही दी जाती है। इसके अलावा छह, दस और चौदह सप्ताह पर भी पोलियो ड्रॉप पिलाई जाती है। इसकी बूस्टर खुराक सोलह से 24 महीने की आयु में भी दी जाती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले में रविवार को आयोजित बूथ दिवस पर 1680 बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिले मे 4.70 लाख बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अभियान के लिए 856 टीमें तैयार की गई हैं जो घर-घर जाकर 11 से 16 दिसम्बर तक बच्चों को दवा पिलाने का काम करेंगे। एक अन्य टीम 'बी' 18 दिसम्बर को भी पोलियो का दवा पिलाने का काम करेगी।

## 75 वां अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

# हर किसी को समानता का अधिकार होना चाहिए: पराशर

**केटी न्यूजेचंदौली**

75 वर्षो मे संविधान मे बदलाव आया है। मौलिक अधिकार व मानव अधिकार में क्या अंतर है हर एक व्यक्ति को जानना  समझना होगा। अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना यह बातें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुख्य संरक्षक व (नि) ज्वाइंट रजिस्टार ला अनिल पराशर ने कहा कि जनपद मुख्यालय पर एक सुसज्जित होटल में 75 वां अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते




हुए पराशर ने मानव के स्वतंत्रता समानता आमजन के मौलिक, मानव अधिकारों के बारे मे बताया गया। कहा कि हर किसी को समानता का अधिकार होना चाहिए, मताधिकार का भी अधिकार है वहीं यह भी कहा कि हमारे देश के संविधान में यह वर्णित है कि किसी को देश निकाला नहीं कर सकते। सेक्टर 30 के भी प्रावधानों पर प्रकाश डाला। धर्म के अधिकार व धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों से भी अवगत कराया गया।

वहीं ज्वाइंट रजिस्टार ने ह्यूमन राइट्स सी डब्लू के संस्थापक सदस्य स्व. अरविंद द्विवेदी के नाम अरविंद द्विवेदी मेमोरियल अवार्ड दिए जाने की घोषणा भी की गयी। डॉक्टर केसी सिंह, संतोष कुमार, चेयरमैन योगेंद्र सिंह, आशुतोष कुमार, मधु राय, धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला मानव अधिकार का हनन होने पर आवाज उठाने कहां शिकायत करनी है यह बताया समझाया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का आगाज बतौर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात वरांव कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं द्वारा भ्रूण हत्या पर प्रहसन कर सभागार मे उपस्थितजनों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन योगेंद्र सिंह योगी, अजय कुमार सिंह, संतोष पांडेय, अजीत प्रताप सिंह, अमरीश कुमार, सुनीता मौर्य, ज्योति पांडेय, मालती पांडेय, शांति गिरी सहित अन्य मौजूद रहे।

